## 250902 - रमज़ान में दिन के दौरान वैकल्पिक सर्जरी कराने का हुक्म

### प्रश्न

मेरा प्रश्न रमज़ान में गैर-आपातकालीन सर्जरी, और उसके कारण कुछ दिनों के रोज़े तोड़ देने के बारे में है, तो क्या यह जायज़ है ? यह ज्ञात रहे कि उसे रमज़ान के बाद के लिए स्थगित करना सर्जन की यात्रा की वजह से तथा कार्य की परिस्थितियों के कारण सर्जरी करने का अवसर चूक सकता है।

### विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

यदि सर्जरी को रमज़ान के बाद तक विलंबित करने से बीमारी बढ़ सकती है, या ठीक होने में देरी हो सकती है, जिसके परिणाम स्वरूप कठिनाई और परेशानी का सामना हो सकता है, या स्थगित करने के परिणामस्वरूप समस्याएं पैदा हो सकती हैं जैसे कि वैकल्पिक तारीख अपेक्षाकृत दूर हो, या एक कुशल चिकित्सक द्वारा सर्जरी चूक सकती है ; तो उसे रमज़ान में करने में कोई आपत्ति की बात नहीं है, भले ही सर्जरी के कारण रोगी को अपना रोज़ा तोड़ना पड़े।

लेकिन यदि बिना किसी कष्ट या कठिनाई के उसे रमज़ान के बाद तक स्थगित करना संभव है, तो रोगी के लिए इस वजह से रोज़ा तोड़ने की अनुमति नहीं है, क्योंकि रमज़ान का रोज़ा फ़र्ज़ (अनिवार्य) है, और उसे किसी ऐसी चीज़ के कारण नहीं छोड़ा जा सकता जिसे स्थगित करना संभव है।

यह, हमारे शैख अब्दुर-रहमान अल-बर्राक हफ़िज़हुल्लाह ने हमें जो कुछ बताया है उसका सारांश है।

तथा प्रश्न संख्याः (141646) और (12488) का उत्तर भी देखें।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।